# लोधिया बैरियर के पास पकड़ा गया नकली मावा

Publish Date:Mon, 29 Oct 2018 03:38 PM (IST)



संवाद सहयोगी, अल्मोड़ा : त्यौहारों का सीजन नजदीक आते ही तराई से पर्वतीय क्षेत्रों की ओर नकली पदार्थो की खेप भी आनी शुरू हो गई है। सोमवार को एसडीएम सदर के नेतृत्व में प्रशासन की टीम ने केमू की एक बस से करीब डेढ़ क्िवटल नकली मावा बरामद किया है। जिसे धारानौला और धौलछीना की ओर भेजा जा रहा था।

नकली खाद्य पदार्थो की आमद को रोकने के लिए सोमवार को एसडीएम विवेक रॉय के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने लोधिया बैरियर के पास बसों की चेकिंग की। चेकिंग के दौरान केमू की बस संख्या यूके-04-0577 में तीन बोरों में नकली मावा बरामद किया गया। एसडीएम रॉय ने बताया कि बरामद किए गए मावे के बोरों में एक बोरे में धौलछीना और दो बोरों में धारानौला के एक हलवाई के नाम का बिल बना हुआ है। उन्होंने बताया कि मावे की जांच के बाद उसे नष्ट कराया जाएगा। प्रशासन की टीम ने मावा पकड़े जाने के बाद संबंधित हलवाईयों से भी पूछताछ की है। उपजिलाधिकारी रॉय ने कहा कि त्यौहारों के सीजन के देखते हुए इस तरह के अभियान जारी रहेंगे। ताकि नकली पदार्थो की आमद को रोककर जनस्वास्थ्य का ख्याल रखा जा सके। टीम में अभिहीत अधिकारी एएस रावत, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय सिंह, सहायक खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन राम समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

---------------

अवैध रूप से लाए जा रहे पटाखे पकड़े

अल्मोड़ा : प्रशासन की टीम ने चेकिंग के दौरान केमू की बस से अवैध रूप से लाए जा रहे पटाखे बरामद किए हैं। पूछताछ के दौरान बस चालक परिचालक ने पटाखों के बारे में कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। फिलहाल प्रशासन ने पटाखों को पुलिस के सुपुर्द कर जांच शुरू कर दी है।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/uttarakhand/almora-fake-mow-caught-near-lodiya-barrier-18584751.html